डिक्री व मुकदमे इब्तदाई
(आर्डर 20 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)
(CIVIL PROCEDURE CODE, APPENDIX "D"-1)
अदालत उपखण्ड अधिकारी, मुकाम चूरू कैम्प थैलासर

इजलास : श्री अभिषेक खन्ना आई०ए०एस०

1. रेवन्तकंवर पुत्री दुर्गासिंह पत्नी रिछपालसिंह जाति राजपूत निवासी हुणतपुरा तहसील व जिला चूरू हाल निवासी वार्ड संख्या 30, चांद बिहारी नगर, खातीपुरा रोड़, जयपुर
2. सनिल शेखावत पुत्री जनककंवर पुत्री दुर्गासिंह जाति राजपूत निवासी हुणतपुरा तहसील व जिला चूरू हाल निवासी पुत्री जीवराजसिंह वार्ड संख्या 34, पुलिस कॉलोनी, हनुमानगढ टाऊन

–वादीगण–

बनाम

1. विजयसिंह
2. पृथ्वीसिंह
3. सरोजकंवर
4. संतोषकंवर
5. पुष्पाकंवर

} पुत्र–पुत्रियां श्री दुर्गासिंह जाति राजपूत निवासीगण हुणतपुरा तहसील व जिला चूरू

6. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार साहब, चूरू (राज.)

–प्रतिवादीगण–

दावा अन्तर्गत धारा 88 आर.टी.ए.
मुकदमा नं. 117 सन् 2019

यह मुकदमा आज वास्ते इन फिलाल कतई रूबरू हमारे हाजरी श्री शिवगौतम सोलंकी एडवोकेट वादिनीगण मिनजानिब मुदईब व प्रतिवादी सं. 1, 2 व पैरोकार राज प्रतिवादी मिनजानिब मुदाएलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि:–

वादिनीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात्, सह खातेदारों की सहमति एवं रिपोर्ट पटवारी हल्का थैलासर मय अनुशंषा सरपंच ग्राम पंचायत थैलासर एवं तहसीलदार, चूरू के आधार पर दावा वादिनीगण स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाता है कि वादगत कृषि भूमियों ख.नं. 326, 481 कुल तादादी 4.9321 हैक्टेयर रोही ग्राम थैलासर, ख.नं. 61. 62, 69, 71, 93 कुल तादादी 11.6600 हैक्टेयर रोही ग्राम हुणतपुरा एवं ख.नं. 341, 382 कुल तादादी 8.1317 हैक्टेयर रोही ग्राम ढाणी पन्नेसिंह में वादिनी सं. 1 का नाम सुप्यारकंवर पुत्री दुर्गासिंह के स्थान पर रेवन्तकंवर पुत्री दुर्गासिंह एवं वादिनी सं. 2 की माता का नाम सनिल शेखावत पुत्री किशनकंवर पुत्री दुर्गासिंह के स्थान पर सनिल शेखावत पुत्री जनककंवर पुत्री दुर्गासिंह अंकित करने का आदेश दिया जाता है, शेष अंकन यथावत् रहेगा। भविष्य में उक्त नाम संशोधन बाबत कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी वादिनीगण की रहेगी। तहसीलदार, चूरू को उक्तानुसार राजस्व अभिलेख में दुरुस्ती करने का आदेश दिया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Khanna
Date: 2021.10.22 13:05:34 IST
Reason: SelfAttested

यह डिक्री मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 05 माह अक्टूबर सन् 2021 को प्रशासन गावों के संग अभियान 2021 कैम्प थैलासर में जारी की गई।

05/10/21

(अभिषेक खन्ना आई.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी, चूरू